>

Title: Need to upgrade the Central School at Mandsaur, Madhya Pradesh up to senior secondary level.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदया, मध्य प्रदेश का मंदसौर जिला काफी बड़ा जिला है। इस जिले में केन्द्र सरकार के कर्मचारी जैसे रेलवे, आयकर, दूरसंचार, एक्साइज आदि में बड़ी संख्या में पदस्थ हैं। केन्द्रीय कर्मचारियों की दृटि से वहां पर केन्द्रीय विद्यालय प्रारम्भ किया गया है। इसके पूर्व नीमच जिले के नयागांव स्थित सीमेन्ट कारपोरेशन ऑफ इंडिया के परिसर में एक केन्द्रीय विद्यालय चल रहा था जो कि सी.सी.आई. को बीमार उद्योग घोाित किए जाने के कारण प्रायः बंद है और वहां के कर्मचारियों के बच्चों के सामने अध्ययन की दृटि से कठिनाई उत्पन्न हो गई है। उसी प्रकार से मंदसौर के केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के सामने भी कठिनाई उत्पन्न हो गई है। प्रथम कक्षा में जहां प्रवेश संबंधी कठिनाई होती है, वहीं संसदीय क्षेत्र मंदसौर स्थित केन्द्रीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के सामने एक अत्यधिक कठिन स्थिति उत्पन्न हो गई है, क्योंकि वहां 10वीं के बाद 11वीं और 12वीं कक्षा प्रारम्भ नहीं की गई हैं, जिससे उक्त विद्यालय के छात्रों को अन्य विद्यालयों में प्रवेश लेने हेतु कहा जा रहा है। मंदसौर में कोई भी अन्य ऐसा केन्द्रीय अथवा शासकीय विद्यालय नहीं है अथवा ऐसे शिक्षण संस्थान नहीं हैं जिसमें कि सी.बी.एस.ई. का पाठ्यक्रम लागू हो और उसमें अध्ययन किया जा सके।

इस दृटि से मेरा आपसे अनुरोध होगा कि केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर में इस वी कम से कम 11वीं कक्षा आरम्भ करने की अनुमति प्रदान करने का कट करें, जिससे कि छात्रों के सामने अध्ययन करने संबंधी कठिनाई पैदा न हो।

MADAM CHAIRMAN : Shri Ananta Nayak − Not present.